डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/ म.प्र./ मन्दसौर/ 122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 101 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 20 जनवरी 2024 | मूल्य 2 रुपया


श्री सिद्धि विनायक
हार्ट केयर
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) | DM (Cardiology) Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय - प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333

# मंदसौर में चार करोड़ की पार्किंग..!

## राहत की राह में लापरवाही का रोड़ा, पुल बना दिया, स्थिति जस की तस





**मंदसौर, 19 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर में पार्किंग व्यवस्था के अभाव में वैसे ही यातायात व्यवस्था बिगड़ रखी है। इधर चार करोड़ की लागत से वीर सावरकर ब्रिज बनाया गया। लेकिन, इस ब्रिज को ही लोगों ने पार्किंग स्थल बना दिया। लंबे समय बाद ब्रिज की राह में रोड़ा बन रहे मकानों को हटाया जा सका था। इसके बाद अब ब्रिज पर खड़े वाहन परेशानी का सबब बन रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि पशुपतिनाथ मंदिर जाने वाले इस रास्ते पर पुलिस जवान तैनात रहता है। इसके बाद भी यहां वाहनों का जमावड़ा होने से बार-बार यातायात प्रभावित हो रहा है।

महाराणा प्रताप बस स्टैंड से सीधे पशुपतिनाथ मंदिर को जोड़ने के लिए नगर पालिका द्वारा लगभग 4 करोड़ रुपए में बनाया लक्कड़ पीठा ओवरब्रिज वाहनों के आवागमन से ज्यादा पार्किंग के लिए उपयोग हो रहा है। पुल पर सुबह से शाम तक और फिर रात भर वाहन खड़े किए जा रहे हैं। यातायात पुलिस लोगों को नियमों का पाठ पढ़ा रही है। इस दौरान भी पुल पर वाहन पार्किंग बदस्तूर जारी है। जबकि, प्रतिदिन शाम को पुलिस जवान यहां तैनात होता है। पहले हाट बाजार लगने से यहां समस्या हो रही थी। लेकिन, अब हाट बाजार भी यहां से हटा दिया गया है। इसके बाद भी पुल पर अवैध पार्किंग से जाम की स्थिति बन रही है।

### प्रतिदिन गुजरते तीन हजार वाहन...

पुल बनाने के पीछे प्रशासन की मंशा बाजार का ट्रैफिक डायवर्ट करना था। धानमंडी स्थित विवादित मकान लंबे समय तक इस मंशा को पूरा नहीं करने दे रहा था इसके बाद जैसे-तैसे इस मकान को हटाया गया। तहसीलदार हो या अन्य पुलिस अधिकारी, कई बार यहां पहुंचकर पार्किंग को हटा चुके हैं। लेकिन, अब लंबे समय से यहां ध्यान नहीं दिया जा रहा। पुल महाराणा प्रताप व खानपुरा को जोड़ता है। यहां से प्रतिदिन तीन हजार वाहन गुजरते हैं।

### नयापुरा रोड़ तक बिगड़ती व्यवस्था...

महाराणा प्रताप से पशुपतिनाथ मंदिर तक सीधे पहुंचाने का काम पुल कर रहा है। पुल पर अवैध पार्किंग के कारण लगने वाले जाम से यातायात व्यवस्था सिर्फ यहीं नहीं बिगड़ती। इसका असर नयापुरा रोड पर भी देखने को मिलता है। शुक्ला चौक में वाहनों की कतार लग जाती है। इसके बाद इसका असर नयापुरा रोड पर कई बार जाम के रूप में सामने आता है।

## राजकुमार डंडी सहित प्रदेश के 79 विभीषणों को कांग्रेस ने बाहर का रास्ता दिखाया

### ऑडियो-वीडियो बने सबूत, 150 कांग्रेसियो को नोटिस जारी



**नीमच, 19 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा चुनाव में पराजय का सामना करने के बाद अब कांग्रेस लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई है। शुक्रवार को पार्टी ने बड़ा एक्शन लेते हुए 79 बागियों और भीतर घातियों 'विभीषणों' को पार्टी से बाहर निकाल दिया है। इसमें जावद से पूर्व विस प्रत्याशी रहे राजकुमार अहीर 'डंडी' का नाम भी शामिल है। इनका भी कथित ऑडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था वहीं 150 से ज्यादा नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इन सभी पर पार्टी के खिलाफ काम करने का आरोप है।

विधानसभा चुनाव हारने वाले प्रत्याशी और कांग्रेस कार्यकर्ता लगातार पार्टी लीडर्स के सामने भीतरघात करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे थे पार्टी कार्यकर्ताओं के खिलाफ मिली शिकायतों पर निर्णय लेने के लिए शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में अनुशासन समिति की बैठक हुई। बैठक के बाद पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि विधानसभा चुनाव बागी होकर लड़ने वाले और पार्टी के अधिकृत उम्मीदवारों के खिलाफ काम करने वाले 79 लोगों को कांग्रेस से निष्कासित किया जा चुका है। अनुशासन समिति ने आधिकारिक तौर पर उनके निष्कासन का फैसला लिया है। इसके साथ ही 150 अन्य कार्यकर्ताओं, पदाधिकारी और नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

## खेत में दिखा मगरमच्छ, वन विभाग ने रेस्क्यू कर चंबल में छोड़ा

**मनासा, 19 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** उपवन मंडल मनासा परिक्षेत्र के गांव खेती गरासिया में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब गांव के एक किसान के खेत पर विशालकाय मगरमच्छ होने की जानकारी ग्रामीणों को मिली।

सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जहां करीब 1 घंटे की कवायद के बाद मगरमच्छ का रेस्क्यू किया गया। जिसे बाद में पिंजरे में कैद करके गांधी सागर डेम में सुरक्षित छोड़ दिया गया। दरअसल किसान भेरूलाल पिता गब्बा जी बंजारा के खेत में गेहूं की फसल के बीच यह मगरमच्छ बैठा हुआ था। मगरमच्छ की लंबाई करीब 11 फीट और वजन दो क्विंटल बताया जा रहा है। रेस्क्यू के दौरान ग्रामीणों के साथ वनपाल श्री चंद्रावत, रामेश्वर तिवारी और प्रेम सिंह गौड़ मौजूद रहे।

# जंगल की आग को भारत सरकार ने माना आपदा

## देश में 150 जिले चिन्हित, मध्य प्रदेश ने 22 जिलों के लिए 80 करोड़ रुपये का भेजा प्रस्ताव

**भोपाल, 19 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश और उत्तराखंड के जंगलों में आग की घटनाओं के अध्ययन के बाद भारत सरकार ने जंगल की आग को आपदा माना है। क्योंकि, इससे जन, वन्यजीव, वन संपदा सहित बड़ी क्षति होती है। मध्य प्रदेश के 22 जिलों समेत पूरे देश में 150 जिले चिन्हित किए गए हैं, जहां जंगल में आग लगने की घटनाएं अधिक होती हैं। इनकी रोकथाम के लिए गाइडलाइन भी जारी की गई है। उधर, मप्र सरकार ने चिन्हित जिलों के जंगलों में आग पर काबू पाने के लिए पहले चरण में 80 करोड़ रुपये मांगे हैं। इसका प्रस्ताव भेज दिया गया है।

बता दें कि नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथारिटी (एनडीएमए) और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओइएफसीसी) भारत सरकार ने मई 2023 में मप्र और उत्तराखंड का अध्ययन कराया था। इसी के तहत सभी राज्यों के लिए नेशनल प्रोग्राम आन फारेस्ट फायर मैनेजमेंट इन इंडिया (एनपीएफएफएम) जारी किया गया है।

### जंगल में आग प्राकृतिक और मानवजनित दोनों कारणों से...

अध्ययन में यह बात सामने आई कि आदिवासी समुदाय बीज, शहद, और अन्य गैर-लकड़ी वन उत्पाद संग्रह के लिए जंगल के फर्श को साफ करने, पत्तियों के नए प्रवाह को बढ़ावा देने या मधुमक्खियों को भगाने के लिए व्यापक रूप से जंगल में आग लगाते हैं। इसके अलावा खेती के लिए भी सपाट मैदान बनाने के लिए भी जंगल में आग लगाई जाती है। यह माना गया कि जंगल में आग प्राकृतिक और मानवजनित दोनों कारणों से लगती है।



बता दें कि विश्व स्तर पर वन लगभग 4.06 बिलियन हेक्टेयर में फैले हुए हैं, जो विश्व के लगभग 31 प्रतिशत भूमि क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। भारत शीर्ष 10 देशों में से एक है। यह समग्र विश्व के वन क्षेत्र का 10वां सबसे बड़ा 1.8 प्रतिशत हिस्सा है।

### देशभर के 150 जिले...

भारत सरकार ने मध्य प्रदेश के 22 जिलों सहित पूरे देश के वन क्षेत्रों में आग की संवेदनशीलता के आधार पर जो शीर्ष 150 जिले चिह्नित किए हैं, उनमें महाराष्ट्र के 12, छत्तीसगढ़ के 12, उत्तराखंड के छह, उत्तर प्रदेश के दो जिले सोनभद्र और पीलीभीत, गुजरात के तीन, झारखंड के पांच, जम्मू कश्मीर के दो, पंजाब और बिहार के एक-एक, उड़ीसा के 17, असम के चार, नगालैंड के 11, हिमाचल प्रदेश के तीन, अरुणाचल प्रदेश के चार, मिजोरम के सात जिलों सहित मणिपुर, मेघालय, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, तमिलनाडू, आंध्रप्रदेश के जिले भी शामिल हैं।

### ऐसे किया जाएगा नियंत्रण...

सामुदायिक सहभागिता, साझा जिम्मेदारी और जवाबदेही, उन्नत वन अग्नि विज्ञान और प्रौद्योगिकियों का समावेश, क्षमता विकास और निगरानी के माध्यम से आग पर नियंत्रण पाया जाएगा। वनों के समीप निवासरत वनवासी और अन्य ग्रामीणों को जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। ग्रामीणों द्वारा खेतों में आग लगाई जाती है तो वन अमला इसकी निगरानी करेगा। आग लगने वाले संभावित वन क्षेत्रों में वन अमला तैनात किया जाएगा। वन अमले के मोबाइल फोन पर वन अग्नि नियंत्रण के लिए बनाया गया एप डाउनलोड कराकर सेटेलाइट इमेज की मदद से शीघ्र आग लगने वाले स्थल पर पहुंचा जा सकेगा।

## आरोपियों की जमानत निरस्तीकरण के लिए पुलिस ने शुरु की मुहिम...

# न्यायालय ने आरोपी की जमानत खारिज की

**मंदसौर, 19 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गंभीर मामलो में आरोपियों की जमानत के बाद अपराध करने वाले बदमाशो के निरस्तीकरण के लिए पुलिस ने मुहिम शुरु की है। मल्हारगढ़ से पहला रुझान सामने आया है। पुलिस ने जमानत मिले आरोपी की जमानत निरस्ती के आदेश न्यायालय से जारी कराए है। संभवत: यह मंदसौर जिले का पहला मामला है। जब पुलिस ने किसी आरोपी की जमानत निरस्तीकरण की कार्रवाई के प्रयास किए और कोर्ट ने जमानत निरस्त की।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मल्हारगढ़ थाने के अपराध धारा 399, 402 भादवि एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट में आरोपी सुरेश पिता रायसिह बावरी उम्र 32 साल निवासी चन्दवासा थाना मल्हारगढ़ को पकड़ा था। अपर सत्र न्यायाधीश मंदसौर द्वारा 2 फरवरी 2022 को 75 हजार रू की जमानत पर पुन: अपराध घटित ना करने की शर्त पर जमानत ली थी। आरोपी द्वारा जमानत मिलने के बाद पुन: अपराध घटित किया। जिसके बाद पुलिस ने धारा 294, 323, 506, 325 में केस दर्ज किया। घटित अपराध न्यायालय द्वारा गंभीर अपराधों में जमानत पर रिहा हुए आदेश की शर्तों र्की उल्लंघन की परिधि में आता है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पूर्व में गंभीर अपराध में हुई जमानत को निरस्त कराने हेतु थाना प्रभारी मल्हारगढ़ राजेन्द्र कुमार पवार द्वारा पूर्व अपराध एवं वर्तमान अपराध से सबंधित सुसंगत दस्तावेजों को समाहित करता हुआ जमानत निरस्ती प्रकरण तैयार कर सत्र न्यायाधीश अजीत सिंह के समक्ष 16 दिसंबर 2023 को प्रस्तुत किया गया था। जिसकी सुनवाई हेतु आरोपी को शुक्रवार को अंतिम अवसर दिया गया। इसके बाद निर्णय सुनाते हुए कोर्ट ने धारा 399, 402 भादवि एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट में 02 फरवरी 2022 के जमानत आदेश की शर्तों र्क उल्लंघन पाने पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंदसौर द्वारा जमानत निरस्त की जाकर आरोपी का गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया। जिसे तत्काल मल्हारगढ़ पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया ।पुलिस की इस कार्रवाई में निरीक्षक राजेन्द्र कुमार पवार, थाना प्रभारी, मल्हारगढ़, उनि संजय प्रताप सिंह, उनि बलदेव सिंह चौधरी थाना मल्हारगढ़ उनि (एम) चन्द्रशेखर बैरागी रीडर टू एस.पी. मंदसौर, सउनि दिग्विजय सिह, थाना मल्हारगढ़ एचसी संजय कर्णिक थाना मल्हारगढ़, आशीष बैरागी सायबर सेल मंदसौर, आरक्षक चन्द्रप्रकाश पाटीदार, नितेश पाटीदार, नरेन्द्र सिह, प्रहलाद सिह, अर्जुन सिंह थाना मल्हारगढ़ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वहीं उक्त प्रकरण में शासन की और से पैरवी लोक अभियोजक श्री तेजपाल सिह शक्तावत द्वारा की गई।

## अयोध्या में राम लला की इसी मूर्ति के होंगे दर्शन

### सोमवार को खुलेगी आंखों पर बंधी पट्टी, श्यामल पत्थर की है 51 इंची प्रतिमा



**अयोध्याजी, 19 जनवरी।** अयोध्या राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान जारी हैं। मुख्य कार्यक्रम 22 जनवरी को होगा। इस बीच, गर्भगृह से भगवान राम की मूर्ति की पहली तस्वीर भी सामने आई गई है।

गुरुवार देर रात जारी तस्वीर में मूर्ति पूरी तरह ढकी हुई थी। वहीं शुक्रवार दोपहर में जारी तस्वीर में राम लला की आंखों पर सिर्फ पट्टी बंधी है। यह पट्टी 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद खोली जाएगी। भगवान राम की यह मूर्ति 51 इंच की है, जिसे 'श्यामल' (काले) पत्थर से बनाया गया है। इसको मैसूर के मूर्तिकार अरुण योगीराज ने तैयार किया है।

# घरेलु गेस सिलेंडर का जखीरा पकड़ा

## गोदाम में छुपा रखी थी 60 अवैध रसोई गेस टंकिया



**मनासा, 19 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नगर के आनंद विहार कॉलोनी में रात्रि में प्रशासन की टीम ने छापा मार कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से गोदाम में छुपा कर रखे 60 घरेलु गेस सिलेंडरों को जब्त किया है। जिसमें छोटे बड़े घरेलू उपयोग के गेस सिलेंडर शामिल है।

जानकारी के अनुसार प्रशासन को मुखीबर से सूचना मिली थी कि शहर के आनंद विहार कॉलोनी कार्मेल कान्वेंट स्कूल के पास बने लोहे के टीन शेड में बने गोदाम में अवैध रूप से गेस की टंकियां रखी हुई है। जिस पर प्रशासन की टीम ने गुरुवार रात्रि में छापा मारा और उन्हें जब्त किया। बताया जा रहा है कि यह गेस पॉइंट नामक की कंपनी की टंकियां है। फिलहाल प्रशासन ने इस मामले में आवश्यक वस्तु अधिनियम की धाराओ के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। वहीं कार्रवाई के दौरान तहसीलदार रूप सिंह राजपूत, राजस्व निरीक्षक कुलदीप डामोर, मनासा थाना पुलिस की टीम मौजूद रही। मामले पर एसडीएम पवन बारिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर दिनेश जैन और अपर कलेक्टर सुश्री नेहा मीना के निर्देशानुसार मुखबीर की सूचना पर यह कारवाई की गई है। आगे भी इस तरह की अवैध गतिविधियों पर कारवाई जारी रहेगी।

## मौसम में फिर घुली ठंडक

### दो दिन सर्द हवाओं के साथ ठिठुरन बरकरार रहने का अनुमान

**मंदसौर, 19 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं ने जिले में फिर से ठिठुरन बढ़ा दी है। दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। समूचा अंचल शीत लहर की चपेट में है। इस दौरान न्यूनतम तापमान 9 डिग्री और अधिकतम तापमान 22 डिग्री के आसपास बना हुआ है।**

मौसम केंद्र भोपाल की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि अगले 2 से 3 तक दिन का टेंपरेचर कम रहेगा। उत्तरी भारत से हवाओं की गति अधिक है। इसी वजह से प्रदेश के कई शहरों में कोल्ड-डे का अलर्ट भी है। ग्वालियर चंबल संभाग के कुछ इलाकों में हल्की बारिश भी हो सकती है। बाकी जिले शुष्क रहेंगे। शुक्रवार को कई जिलों में मध्यम से घना कोहरा रहा, हल्के बादल भी छाए हुए रहे। शाम होते ही एकाएक ठंड ने ज्यादा असर दिखाना शुरु कर दिया। जो लोग हाफ जैकेट या स्वेटर पहने थे, उन्हें भी फूल जरकीन या ज्यादा गर्म कपड़े पहनने को मजबूर होना पड़ा।

# कांग्रेस के सांसद प्रत्याशी हो सकते हैं विपिन जैन...

**मंदसौर/उज्जैन, 19 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने राम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के साथ ही लोकसभा चुनाव के लिए कमर कस ली है। देशव्यापी भाजपाई वातावरण बनाया जा रहा है। क्योंकि राम आस्था का मामला है। इसलिए देशभर की जनता भी आकर्षित नजर आ रही है। 15 अगस्त, 26 जनवरी की तरह जन सामान्य को गेरुआ झंडा लगाकर वाहनों पर और वस्त्र दुपट्टा पहनने की होड़ नजर आ रही है। भाजपा इसे अपना जनमत बनाने का मौका बना रही है। दूसरी तरफ कांग्रेस हाई कमान ने अभी इसमें शामिल होने से इनकार कर अपने समर्थक जनमत को दुविधा में डाल दिया है। कारण साफ है, राजनीति इंसानों की फितरत है। पर, राम लला हिंदुओं की परम आस्था का मामला है।



चन्द्रमोहन भगत

ऐसे में संभव है कि कांग्रेस को अपना इरादा बदलना पड़े या फिर कट्टर आस्था वाले समर्थकों के मतों का नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। राम लला की प्राण प्रतिष्ठा प्रसंग को लोकसभा चुनाव से जोड़े जाने के इस तरह के वातावरण का नफा नुकसान पार्टी के साथ प्रत्याशियों के खाते में भी जाएगा।

मध्य प्रदेश में जब से कमलनाथ सरकार ऑपरेशन लोटस का शिकार होकर गिरी, तब से कमलनाथ ने जरूर इस तरह के आस्था के विषय पर अपना विजन बदला था और बहुसंख्यक वर्ग को रिझाने के लिए हनुमान जयंती पर मंदिरों में हनुमान चालीसा जैसे आयोजनों से प्रयास शुरू किया था। इस तरह के प्रयास कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति पर हल्का सा नकारात्मक प्रहार बताया जा रहा था। यह कहकर की एक बड़े वर्ग के मतों का लाभ भाजपा से छीन कर कम किया जा सकेगा। प्रदेश के साथ राष्ट्रीय कांग्रेस ने भी नाथ के इस प्रयास को मौन स्वीकृति दी थी। इसी तर्ज को मंदसौर के जिला कांग्रेस अध्यक्ष विधायक विपिन जैन ने सार्वजनिक तौर पर अपना कर भाजपा के धर्म प्रेम पर उसी तरह के धर्म प्रेम से टक्कर देना शुरू कर दिया है। जो कांग्रेस पहले खुले आम धार्मिक आयोजनों से परहेज करती आई है, वही अब कांग्रेस के संसदीय क्षेत्र के एकमात्र विधायक विपिन जैन राम लला की भजन संध्या कर भाजपा को इस क्षेत्र में चुनौती देते नजर आ रहे हैं।

बीते दो-तीन दिनों से लगातार दिनभर विपिन जैन के आव्हान पर गांधी चौराहे पर 20 जनवरी को होने वाली भजन संध्या का गली मोहल्लो में प्रचार के साथ आमंत्रण दिया जा रहा है। ऐसा पहली बार दिखा कि हिंदू देवता के पूजा, अर्चना, भजन के लिए कांग्रेसी नेताओं ने सड़क पर सार्वजनिक आयोजन का आह्वान कर अपने जनमत से इसमें शामिल होने का आग्रह किया है। इसे आम जन मे वीपिन जैन का कांग्रेस का जन आधार बढ़ाने वाला दूरदर्शी विजन बताया जा रहा है। एक हद तक यह बात सही भी है कि कांग्रेस हमेशा ऐसे आयोजनो से दूरी बनाए रखती थी। यहां तक की विरोध और आलोचना करके अपना जनमत लगातार घटाती रही है। विपिन जैन के पहली बार विधायक बनने के बाद पहला ही सार्वजनिक कार्यक्रम धार्मिक विषय पर किया जाना यह जाहिर करता है कि सभी धर्म के प्रति उनका नजरिया एक जैसा रहेगा। भाजपा केंद्र और राज्य में सरकार चलाते हुए व्यापक पैमाने पर राम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम प्रचारित आयोजित कर रही है। लेकिन, विधानसभा स्तर पर विपिन जैन का भजन संध्या कार्यक्रम उतना व्यापक ना सही पर बेहतर शुरुआत करने जितने अंक तो पा ही रहा है।

भाजपा संगठन तो धार्मिक आयोजनों में महारत हासिल कर कांग्रेस से बड़े वर्ग का जनमत लगातार छीनने में सफल हुई है। विपिन ने इससे मुकाबला करना शुरू कर कांग्रेस हित में भूनाने के पहले प्रयास को अंजाम दिया है। इसलिए आम चर्चा में यह माना जा रहा है कि विपिन जैन भाजपा के साथ भाजपाई तरीके से ही राजनीति करने में सक्षम है। इसलिए लोकसभा प्रत्याशी बनाए गए तब भी नया रिकॉर्ड कायम कर सकते हैं। सामान्यत: लोकसभा की दृष्टि से जैसा राजनीतिक दृश्य बना हुआ है। उसमें इस क्षेत्र से एकमात्र विजित विधायक विपिन जैन का ही नाम सतह पर आ रहा है । भाजपा के पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया के सामने तब भी प्रत्याशी के रूप में एकमात्र विपिन जैन का ही नाम उपयुक्त माना गया था। ऐसे में संभावना व्यक्त की जा सकती है कि विपिन जैन कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी हो!

# महालक्ष्मी मंदिर के दानपात्र में लगी आग

## नोट जले, भीगे नोटों को हेयर ड्रायर से सुखाया

**रतलाम, 19 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर के सुप्रसिद्ध महालक्ष्मी मंदिर के दानपात्र में शुक्रवार सुबह आग लग जाने से नोट जल गए। समय रहते आग बुझा लेने से बड़ा नुकसान होने से बच गया। आग बुझाने के दौरान नोट भी पानी में भीग गए थे। जिन्हें ह्येयर ड्रायर की मदद से सुखाया गया है। बता दें कि प्रशासन द्वारा दानपात्र को शुक्रवार सुबह 11 बजे खोला जाना था। लेकिन, उसके एक घंटे पहले ही दानपात्र में आग लग गई।

शहर के माणकचौक स्थित प्रसिद्ध महालक्ष्मी मंदिर में सुबह करीब 10 बजे दानपात्र में धुआं उठते मंदिर के पंडित संजय पुजारी के बेटे मधुर पुजारी ने देखा था। वह भी मंदिर की पूजा-अर्चना करते हैं। दानपात्र से धुआं निकलते देख व्यापारियों व मंदिर के पीछे स्थित पुलिस थाने पर सूचना दी। थाना प्रभारी प्रीति कटारे बल के साथ मौके पर पहुंची। प्रशासन के अधिकारियों को भी सूचना दी गई। पुलिस बल व आसपास के दुकानदारों व मंदिर में मौजूद लोगों ने पानी डालकर आग को बुझाया। बाद में दानपात्र खोला गया तो सारे नोट गिले हो चुके थे। कुछ नोट जले हुए थे। जिन्हें दो ड्रायर से सुखाया गया। गीले नोटों को अलग-अलग रखकर उन पर कपड़े से भी पानी साफ किया। मौके पर पहुंचे सिटी तहसीलदार ऋषभ ठाकुर ने बताया कि दान पात्र में आग लगी थी। मंदिर के सीसीटीवी कैमरे देखे जाएंगे। प्रथम दृष्ट्या आग का कारण अगरबत्ती का गुल गिरना सामने आ रहा है। कुछ नोट जले हैं। ज्यादा कोई नुकसान नहीं हुआ। नोटों को सूखा कर गिनती की जाएगी।

## श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के दौरान पशुपतिनाथ मंदिर में होंगे विशेष कार्यक्रम

**मंदसौर, 19 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पावन उत्सव के दौरान पशुपतिनाथ मंदिर मंदसौर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जाएगें। जिसके अंतर्गत 20 जनवरी को दोपहर 3 बजे सुंदर कांड एवं प्रसादी वितरण, 21 जनवरी को प्रात: 6 बजे वेद पारायण प्रसादी वितरण, 22 जनवरी को प्रात: 8 बजे रामधुन स्मरण, प्रात: 11.15 श्री राम आरती, 11.30 बजे अयोध्या राम जन्मभूमि से लाइव प्रसारण, शाम 5 बजे श्री राम मंदिर शिवनाघाट महा आरती, शाम 6 बजे सवा सौ क्विंटल प्रसादी वितरण, शाम 6.30 बजे मंदिर घाट पर 51 हजार दीप जलाए जाएंगे एवं शाम 7 बजे आतिशबाजी, डिजिटल आतिशबाजी, फायर शो और लेजर शो का आयोजन किया जाएगा।

## घायल को किया रेफर

**पिपलियामंडी, 19 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** दुर्घटना में घायल व्यक्ति को इंदौर रेफर कर दिया। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया। जानकारी के अनुसार बाइक (एमपी 14 एनडी 6932) से खेत से घर जा रहे नारायणगढ़ निवासी चन्द्रप्रकाश पिता कन्हैयालाल ग्वाला को सामने से आ रही बाइक (एमपी 14 एनएफ 8559) के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर टक्कर मार दी थी, जिन्हें मंदसौर अस्पताल भर्ती कराया था। लेकिन हालत गंभीर होने से उन्हें इंदौर रेफर कर दिया। पुलिस ने फरियादी सुबोधकुमार जैन की रिपोर्ट पर टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ शुक्रवार को केस दर्ज किया।




## श्री पिपलीवाली अंबे माताजी मंदिर के प्रतिष्ठा महोत्सव में कलश यात्रा निकाली

**मंदसौर, 19 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जीवागंज में श्री पिपलीवाली अम्बे माताजी के नवनिर्मित मंदिर का प्रतिष्ठा महोत्सव भव्यता के साथ चल रहा है प्रथम दिवस आचार्य पण्डित उमेश जोशी एवं विद्वान आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजन संकल्प विधि पूरी की गई।इस अवसर पर पूज्य स्वामी श्री मणिमहेश चेतन जी महाराज मेनपुरिया एवं पूज्य स्वामी श्री राम किशोर दास जी महाराज तीन छतरी बालाजी का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। द्वितीय दिवस यज्ञ का शुभारंभ हुआ एवं मातृशक्ति की कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा राम मोहल्ला मंशापूर्ण महादेव मंदिर से से आरंभ होकर प्रमुख मार्गो से होती हुई जीवागंज में संपन्न हुई। मातृशक्ति अपने निर्धारित परिधान में श्रद्धापूर्वक अपने मस्तक पर कलश धारण करते हुए सम्मिलित हुई। इस अवसर पर विधायक विपिन जैन ने भी महोत्सव स्थल पर पहुंचकर अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि मंदसौर नगर का जीवागंज क्षेत्र धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र है यह मंदिरों का मोहल्ला है। श्री पिपली वाले अंबे माता जी के मंदिर के भव्य स्वरूप के बाद साथ ही यहां शिव पंचायत की भी स्थापना की जा रही है निश्चित ही इस क्षेत्र में सभी को धर्म लाभ मिलेगा एवं धर्म कर्म से जुड़कर मनुष्य अपने जीवन को सार्थक करेगा।

पांच दिवसीय प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत 21 जनवरी रविवार की रात्रि 7:30 बजे जीवागंज में ही भानपुरा पीठ के पूज्य शंकराचार्य जगतगुरु स्वामी श्री ज्ञानानंद जी तीर्थ महाराज के प्रवचन एवं भजन संध्या का भी आयोजन होगा। श्री पिपली वाले अंबे माताजी मंदिर जीर्णोद्धार समिति के संरक्षक अनीता दीदी अध्यक्ष मोहन रामचंदानी, उपाध्यक्ष ब्रजेश जोशी, महासचिव अनिता कोठारी, कोषाध्यक्ष दिलीप ग्वाला व वार्ड पार्षद रमेश ग्वाला ने नगर व अंचल के धर्म प्रेमी महानुभावों से सपरिवार इष्ट मित्रों सहित पूज्य शंकराचार्य जी के प्रवचन व भजन संध्या का लाभ लेने का अनुरोध किया है।

## मन की शांति सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है-पं. मेहता





**मंदसौर, 19 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गतिमान सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा सुरंदकांड पर आधारित कृपा राम की सफल हनुमान व्याख्यान का आयोजन हुआ। व्याख्यान को प्रसिद्ध जीवन प्रबंधन गुरु व हनुमान भक्त पं. विजयशंकर मेहता ने संबोधित किया। पं. मेहता ने कहा कि सुंदरकांड की शुरुआत शान्तं शाश्वतमप्रमेयमनघं निर्वाण शान्ति प्रदंश् यानी कि शांति शब्द से ही होती है। मानव जीवन में सुख के साथ शांति होना भी जरूरी है। सुख तो खोज लेंगे लेकिन शांति तो स्वयं को ही अर्जित करना पड़ती है। आपने अशांति के पांच मार्ग बताए। संसार मार्ग, संपत्ति मार्ग, संबंध मार्ग, स्वास्थ्य मार्ग व संतान मार्ग। सभी का निदान सुंदरकांड है। जीवन में सुख के साथ शांति हो तो जीवन और भी सुंदर लगने लगेगा। प्रवचन में आपने कहा कि सुंदरकांड की शुरुआत श्जामवंत के बचन सुहाए, सुनि हनुमंत हृदय अति भाएश् चौपाई से होती है। तुलसीदासजी चाहते तो भगवान श्रीराम या हनुमान शब्द से ही सुंदरकांड की शुरुआत कर सकते थे लेकिन जामवंत जो कि सबसे वयोवृद्ध थे। उनके नाम से ही शुरुआत करना यह सीख देता है कि जब कोई बड़ा काम करें तब बड़े- बूढ़ों को सम्मान जरूर दें। कितना भी बड़ा काम होगा, उसकी जीत निश्चित होगी। युवाओं से विशेष तौर पर कहा कि जीवन के व्यस्त समय में से सिर्फ 10-15 मिनट अकारण वरिष्ठजन के पास अवश्य बैठें। ईश्वर इसे ही आपकी पूजा के समय में जोड़ लेगा।

पं. मेहता ने कहा कि सुंदरकांड हनुमानजी का शब्दावतार है, इससे हमें जीवन में सफलता के छह सूत्र सक्रियता, सजगता, संघर्ष, समर्पण, संवेदनशीलता व समझदारी की सीख मिलती है। सफलता के साथ और इसके बाद क्या करें, यह भी शिक्षा देता है। कृपा व सफलता का मार्ग प्रशस्त करने के साथ मन की अशांति का निदान भी सुंदरकांड ही है। इससे जीवन का रूपांतरण हो सकता है। राम काज किन्हें बिनु, मोहि क्हां विश्रामश् का अनुसरण करते हुए हनुमानजी ने लंका जाते समय सोने के पर्वत मैनाक को सिर्फ पड़ाव माना और रामकाज के लिए निकल गए। हमें सीख दी कि छलांग लंबी लगाना हो तो आधार व योजना मजबूत होना चाहिए और राज काम रूपी जीवन की श्रेष्ठता को पाने के लिए आगे - बढ़ते रहें। 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम का प्रतिष्ठा महोत्सव उसी का उदाहरण है। आपने कहा कि बचपन में नींव मजबूत हो जाए तो जवानी लड़खड़ाती नहीं। हनुमानजी की तरह तन से सक्रिय रहें व मन से विश्राम - करें लेकिन वर्तमान परिदृश्य इसके उलट है जिसका सुधार होना चाहिए। सजगता में लक्ष्य, ऊर्जा व समय तीनों का ध्यान रखना चाहिए। लंका में माता सीता को ढूंढते समय भगवान हनुमानजी तक को संघर्ष करना पड़ा था। हम संघर्ष को दुर्भाग्य मानते हैं। जिसको संघर्ष के बाद का परिणाम पता है, वह उसकी गहराई को समझता है। यदि तीर तश्तरी में मिल जाएगा तो उथला हो जाएगा। लंका जाते समय भगवान हनुमान हर्ष, विनम्रता व तनावमुक्त होकर गए। जब लौटे तो उनका मुख प्रसन्न होकर तन पर तेज था। सच्चे भक्त यह सीखें कि 8 या 12 घंटे बाद भी हमारी प्रसन्नता कम नहीं होनी चाहिए। साथ ही लंकिनी के सामने छोटा रूप करके निकल जाना यह दर्शाता है कि ऊर्जा नष्ट नहीं करके बड़े खेल में किस तरह छोटा बनकर आगे बढ़ा जाता है क्योंकि अकड़ के साथ लंबी यात्राएं नहीं होती हैं। इससे पूर्व गतिमान सामाजिक सेवा संस्थान के संरक्षक व क्षेत्रिय सांसद सुधीर गुप्ता ने पं. विजय शंकर मेहता व कार सेवको का स्वागत किया और स्वागत भाषण दिया। मंच पर पं. दशरथभाईजी, पं. शिवकरण प्रधान भी मंचासीन थे।

**यह भी रहा खास-** शहर की प्रतिभा गिटारिस्ट गौरव जोशी, गायक सतीश हाड़ा व बाल कलाकार तबला वादक गीता अखंड शर्मा ने प्रस्तुति दी। साथ ही बाल कलाकारों द्वारा संक्षिप्त रामलीला का मंचन किया गया। सभी पुरुष पारंपरिक वेशभूषा कुर्ता व धोती में नजर आए। सर्द मौसम में भी बड़ी संख्या में महिला- पुरुषों के साथ बच्चे कार्यक्रम में शामिल हुए।

## देश भर के 8 एम्स के साथ सहयोग करेगा आईआईटी इंदौर का फाउंडेशन

### मंदसौर निवासी डॉ. आदित्य चन्द्रे भी आईआईटी इंदौर फाउंडेशन की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे, टीम आज दिल्ली रवाना



**मंदसौर, 19 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** आईआईटी इंदौर की संस्था 'दृष्टिफाउंडेशन' देश भर के 8 आई आई टी और 5 एन आई टी के साथ मिलकर डिजिटल हेल्थ केयर क्षेत्र में सहयोग कर रही है। इसी क्रम में संस्था द्वारा 20 जनवरी को दिल्ली में 'सेतु 2024' कार्यक्रम किया जा रहा है जिसके तहत डिजिटल हेल्थ से जुड़े स्टार्ट अप देश भर के 8 एम्स से जुड़ेंगे। कार्यक्रम में पांच एम्स के निदेशक और तीन एम्स के डॉक्टर शामिल होंगे जो आईआईटी इंदौर में इनक्यूबेटी स्टार्टअप द्वारा निर्मित टेक्नोलॉजी को आगे ले जाने पर चर्चा करेंगे

20 से ज्यादा मेडिकल स्टार्टअप द्वारा अपने आईडियाज प्रदर्शित किए जाएंगे। देश भर के विशेषज्ञों के बीच रेडियोलॉजी, न्यूरोलॉजी और दुर्लभ बीमारियों पर बात होगी। अगले माह आईआईटी इंदौर में एक 'सेंटर आफ एक्सीलेंस' की स्थापना की जाएगी, जिसमें 8 एम्स का सहयोग रहेगा। इंदौर में इसके सेटअप का काम चल रहा है।

**समस्या समाधान करने के साथ उसे लागू करने की बात होगी-** दृष्टि साइबर फिजिकल सिस्टम फाउंडेशन के सीईओ श्री एस जी व्यास के अनुसार एम्स (दिल्ली) के डॉक्टर हमारे हेल्थ केयर सेक्टर में काम कर रहे, स्टार्टअप को सहायता प्रदान करते हैं। इस सहयोग को आगे बढ़ाते हुए हम अन्य एम्स के और अन्य आईआईटी के साथ काम कर हेल्थ केयर के क्षेत्र में डिजिटल नवाचार लाने का प्रयास कर रहे हैं एम्स की वजह से जितने भी स्टार्टअप द्वारा किसी समस्या का समाधान किया जा रहा है उसे लागू करने पर बात होगी इस हेतु परोपकारी संस्थाओं, बिल एंड मेलिंडा गेटस फाउंडेशन, क्लिंटन फाउंडेशन भी शामिल है, जिसे मेडिकल हेल्थ केयर स्टार्टअप के लिए फंडिंग ली जाएगी। श्री व्यास ने बताया कि आईआईटी इंदौर के इनक्यूबेशन केंद्र में 67 स्टार्टअप है जिसमे 14 स्टार्टअप मेडिकल और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में काम कर रहे हैं। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (एन आई पी) के तहत एम्स को भी अपने शिक्षण में नवाचार लाने के लिए प्रेरित किया है।

## राम राज्य का नवस्वरूप है सुशासन

### मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जीवन प्रसंगों पर हुए आयोजन

**मंदसौर, 19 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** एक सुव्यवस्थित राज्य को राम राज्य कहा जाता है। राम राज्य का सपना हमारे साथ हजारों वर्षों सें हैं ।राम राज्य क्या है ? जहां सभी को न्याय मिलता है, सभी समृद्ध और प्रसन्न है।हमारे संविधान और सरकारों द्वारा सुशासन की परिकल्पना इसी दिव्यता की ओर बढ़ते जाने का निरंतर प्रयास है।

उक्त विचार स्थानीय शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एल. एन. शर्मा ने विद्यार्थियों के सम्मुख व्यक्त किए। आप राज्य शासन के निर्देशों के तहत मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जीवन प्रसंग एवं राम राज्य की अवधारणा पर आधारित परिचर्चा और भाषण प्रतियोगिता के अंतर्गत मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे। प्राचार्य डॉ. शर्मा ने कहा कि जब समाज में स्वास्थ्य ,आनंद,समृद्धि और न्याय हो एवं जब हम इसी सत्य को पाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हों;वही राम राज्य है। आयोजन की संयोजक प्रोफेसर डॉक्टर सरिता अग्रवाल ने लोक कथाओं से जुड़े भगवान श्री राम के रोचक प्रसंग की व्याख्या करते हुए बताया कि राम का अर्थ है 'मेरे भीतर का प्रकाश 'और यह दुनिया भगवान श्रीराम की रोशनी से ही जगमग होगी। अग्रवाल ने चुटीले अंदाज में कहा कि जब हमारे भीतर रामायण का अभाव हो जाता है तब जीवन में महाभारत घटित होती है ।विशेष वक्ता डॉक्टर जे.एल. आर्य ने कहा कि सौम्य आचरण वाले श्री राम का चरित्र सदा- सर्वदा अनुकरणीय है । परिचर्चा एवं भाषण प्रतियोगिता के समापन अवसर पर महाविद्यालय की जनभागीदारी के अध्यक्ष श्री नरेश चंदवानी ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि राम निर्गुण ब्रह्म की ही सगुण अभिव्यक्ति थे। प्रोफेसर संतोष मालवीय ने अपने संबोधन में देव- दुर्लभ मानव भव की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इसके सार्थक उपयोग पर बल दिया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राज पाटीदार बी बी ए द्वितीय वर्ष, द्वितीय क्रम पर रविराज बीएससी द्वितीय वर्ष एवं तृतीय स्थान पर दीक्षा खिची बी ए द्वितीय वर्ष रही ।कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर प्रहलाद भट्ट ने एवं आभार प्रोफेसर सोहन यादव ने माना इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।



## मात्र 2 घण्टे में प्रभु श्री राम का दीवार पर बनाया सुंदर चित्र

### गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज ने ब्रह्मणेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया

**मंदसौर, 19 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज शहर सभा द्वारा ब्रह्मणेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया एवं रामधुन करते हुए बजरंगबली एवं महादेव मंदिर पर जाकर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम के सूत्रधार वरिष्ठ प्रहलाद शर्मा ने मात्र 2 घण्टे में प्रभु श्री राम का दिवाल पर बड़ा सुन्दर चित्र बनाया। समाज को एक सूत्र में रखने के लिये शहर सभा का गठन किया गया। पूरे शहर में ब्राह्मणों को इससे जोड़ा जाएगा। 22 जनवरी कोक राम ज्योत जलाकर मंदिर को विद्युत सज्जा से सजाया जाएगा। हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ किया जावेगा। कार्यक्रम में श्री कपिल शर्मा, श्री जी.के. व्यास, श्री रमेश शर्मा, दुर्गाशंकर जोशी, पियुष जोशी, गोपाल पंचारिया, सुरेश शर्मा, दिनेश द्विवेदी, मनोहरलाल डोरिया, प्रेम जोशी, घनश्याम शर्मा, प्रहलाद शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गोपाल पंचारिया ने किया।

## युवाचार्य परम पूज्य वरुणेंद्र जी तीर्थ महाराज अयोध्या पहुंचे

**मंदसौर, 19 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** अयोध्या में राम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में भानपुरा पीठ के युवाचार्य परम पूज्य वरुणेंद्र जी तीर्थ महाराज को आमंत्रित किया गया था। जिस पर युवाचार्य परम पूज्य वरुणेंद्र जी तीर्थ महाराज 19 जनवरी 2024 को अयोध्या पधारे। युवाचार्य अयोध्या में 22 जनवरी को आयोजित श्रीराम की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में उपस्थित होकर इस भव्य आयोजन के साक्षी बनेंगे। उक्त जानकारी भानपुरा पीठ के पूर्व ब्रह्मचारी डॉ. रविन्द्र पाण्डेय ने दी।

### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर...

## महाआरती कर 101 किलो हलवा भोग प्रसादी वितरण होगा

**मंदसौर, 19 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सिद्धी विनायक गणपति उत्सव समिति जिला सहकारी बैंक परिसर मंदसौर के संयोजक राजेन्द्र अग्रवाल अध्यक्ष पुरूषोत्तम (पप्पू भाई) चंदवानी, सचिव पारस मावर ने बताया की दिनांक 22 जनवरी सोमवार श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण एंव आराध्य देव भगवान श्री रामचन्द्र जी एंव राम दरबार की मुर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर उक्त उत्सव समिति द्वारा श्री गणेश मंदिर जिला सहकारी बैंक परिसर मंदसौर में 22 जनवरी 2024 सोमवार को रात्री 07:30 बजे भगवान श्रीरामचन्द्र जी एंव श्री गणेश जी की महाआरती एंव 101 किलो हलवा प्रसादी का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया जायेगा। आप सभी धर्मप्रेमी महानुभाव आंमत्रित है। कृपया पधार कर धर्म लाभ लेवें। उक्त जानकारी समिति सह सचिव निलेश जैन ने दी।

### शक्तिपीठ पर की साफ-सफाई

**पिपलियामंडी, 19 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर में मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के चलते देशभर में मंदिरों व देवस्थानों पर चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत गायत्री शक्तिपीठ पर भी स्वच्छता अभियान चलाया। समिति सदस्यों व गणमान्य नागरिकों ने सामूहिक श्रमदान कर परिसर की साफ-सफाई की।



## ठंड से ठिठूरते व्यक्तियों को 50 कम्बल बांटे

**मंदसौर, 19 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** लायन्स क्लब मन्दसौर व्दारा श्रीमती तारा देवी बुबना मुम्बई के सौजन्य एवं अभिभाषक लायन गौरव रत्नावत के विशेष सहयोग से मध्यरात्रि में शहर,के विभिन्न स्थानों पर जाकर ठंड से ठिठुरते नितांत आवश्यक 50 पीड़ित व्यक्तियों को कम्बल दिये ताकि शीत ऋतु के प्रभाव से राहत प्राप्त कर सके। इस कम्बल वितरण अभियान में लायन अध्यक्ष डॉ. मजहर हुसैन, लायन सचिव प्रेमदेव पाटीदार, कम्बल प्रकल्प सहयोगी अभिभाषक लायन गौरव रत्नावत, एम जे एफ वरिष्ठ लायन सुभाष बग्गा, प्रान्तीय केबिनेट सदस्य लायन डॉ. देवेन्द्र पुराणिक ने भाग लिया। लायन अध्यक्ष डॉ. हुसैन ने इस नैक कार्य के लिए लायन गौरव रत्नावत को धन्यवाद दिया।

## अयोध्या का लाइव प्रसारण होगा

**पिपलियामंडी, 19 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर में मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का पिपलिया न नगर परिषद् द्वारा लाइव प्रसारण होगा। नप अध्यक्ष इंदिरा सुनील देवरिया ने बताया मुख्य मार्ग पर आकर्षक विद्युत सज्जा की जाएगी व इस महोत्सव को दीपावली की तरह मनाया जाकर आतिशबाजी की जाएगी। देवरिया ने नगरवासियों से अपील की कि वे अपने घरों, दुकानों में दीप जलाकर कार्यक्रम को एतिहासिक बनाए।

## दवाई वाले बालाजी मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन आज

**मंदसौर, 19 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर मेडिकल हेल्पलाइन के संस्थापक अध्यक्ष मिथुन वप्ता ने बताया की कल दिनांक 20 जनवरी 2024, शनिवार शाम 7 बजे से दवाई वाले बालाजी मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड का भव्य आयोजन किया जा रहा हे।मिथुन वप्ता ने बताया की वर्षो से प्रतीक्षारत अयोध्या में विराजित प्रभु श्री राम लल्ला का भव्य मंदिर का निर्माण आगामी 22 जनवरी को होने जा रहा हे।पूरा देश ही नहीं विदेशों में भी आमजन राम लल्ला की भक्ति में रम गया है।चारो ओर राममय माहौल दिखाई देने लगा है।हमारे मंदसौर नगर भी सजने लगा है,हर तरफ भक्तिमय माहौल दिखाई देने लगा हे।इसे में क्या डॉक्टर्स क्या दवा व्यापारी और दवा प्रतिनिधि भी इससे अछूते नहीं रहे हे।इसी कड़ी में मंदसौर मेडिकल हेल्पलाइन द्वारा भी भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन आज शाम 7 बजे से दवा बाजार स्थित दवाई वाले बालाजी मंदिर प्रांगण में किया जा रहा हे।अत: धर्मप्रेमी रामभक्तो से निवेदन है कि आप सभी अधिक से अधिक संख्या में पधारकर भक्तिमय सुंदरकांड पाठ आयोजन का लाभ ले।।



## ऐतिहासिक एवं भव्य शोभा एवं कलश यात्रा के साथ 6 दिवसीय महोत्सव का होगा शुभारंभ

### पूज्य शंकराचार्य ज्ञानानंद जी तीर्थ एवं आचार्य रामानुजजी के होंगे प्रवचन

**मंदसौर, 19 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में स्वर्ण कलश आरोहण एवं 108 कुंडीय श्री हनुमंत महायज्ञ इस 6 दिवसीय महोत्सव का आज 20 जनवरी शनिवार को भव्य ऐतिहासिक शोभा यात्रा के साथ शुभारंभ होगा। जिसमें 2100 मातृशक्ति अपने मस्तक पर कलश धारण कर कलश यात्रा भी निकालेगी।

भानपुरा पीठ के पूज्य शंकराचार्य जगतगुरु स्वामी श्री ज्ञानानंद जी तीर्थ एवं पूजनीय संतों की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। शोभा यात्रा एवं कलश यात्रा का रूट प्रात: 10:00 बजे से तलाई वाले बालाजी मंदिर से दवा बाजार होकर गोल चौराहा, बीपीएल चौराहा, गांधी चौराहा, नेहरू बस स्टैंड कालिदास मार्ग आजाद चौक घंटाघर शुक्ला चौक, नयापुरा रोड होते हुए माहेश्वरी धर्मशाला में संपन्न होगी। श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित धीरेंद्र त्रिवेदी ने बताया कि इस शोभायात्रा और कलश यात्रा को भव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान करने के लिए इसमें 50 वानर मानव रूप में चलेंगे साथ ही उज्जैन के झांज डमरू ढोल एवं गड़े और श्री नालछा माता मंदिर और श्री खाटू श्याम मंदिर का दरबार भी साथ में चलेगा शोभा यात्रा का नगर में 40 स्थानो पर स्वागत मंच बनाकर अलग-अलग समाज और संगठनों व संस्थाओं द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। पंडित त्रिवेदी ने बताया कि शोभायात्रा का कलश यात्रा का समापन माहेश्वरी धर्मशाला नयापुरा रोड पर होगा जहां पूज्य शंकराचार्य जगतगुरु श्री ज्ञानानंद जी महाराज एवं आचार्य रामानुज जी के प्रवचन होंगे तत्पश्चात प्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। ट्रस्ट ने नगर और अंचल के धर्मानुरागी महानुभावों से तथा मातृशक्ति से अधिक से अधिक संख्या में शोभायात्रा एवं कलश यात्रा में सम्मिलित होने का अनुरोध किया गया है।

### ✻ उठावना ✻

हमारे बड़े भाई, संतोष व राकेश परिहार के पिताजी, चिराग के दादाजी श्री भेरुलाल परिहार का निधन 18 जनवरी को हो गया है। उठावना 20 जनवरी को प्रात: 11 बजे नई आबादी मुन्देड़ी पर रखा गया है।

**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**मोहनलाल व रामचन्द्र परिहार, मुन्देड़ी, तहसील मल्हारगढ**

## कलेक्टर ने कर्मचारियों के साथ चलाया सफाई अभियान



**मंदसौर, 19 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने कलेक्टर कार्यालय में अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ मिलकर प्रात: 9:30 बजे विशेष सफाई अभियान चलाया। आज चलाये गये विशेष सफाई अभियान के दौरान विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों, होमगार्ड के जवानों, नगर पालिका कर्मचारियों ने भी सफाई अभियान में श्रमदान किया। परिसर में खाली पड़ी उबड़-खाबड़ व उंची-नीची जमीन को भी समतल किया गया। परिसर में लगे पौधों की सिंचाई भी की गई। श्रमदान के दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री राकेश शर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्री चंदर सिंह सोलंकी, समस्त अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

## 2 वारंटी धराए

**पिपलियामंडी, 19 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** स्थानीय पुलिस ने 2 स्थायी वारंटियों को पकड़ा। धारा 138 में पिपलियापंथ निवासी रामनारायण पिता किशनलाल पाटीदार फरार था। जिसका मंदसौर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने वारंट जारी किया था। वहीं 24 आर्म्स एक्ट में अमरपुरा (मल्हारगढ़) निवासी प्रेमचन्द पिता कंवरलाल माली फरार था, जिसका नारायणगढ़ न्यायालय ने वारंट जारी किया था। दोनों वारंटियों को पिपलिया पुलिस ने मुखबिर तंत्र के माध्यम से गिरफ्तार किया।


## एजेंसी देना है

**शामगढ़, मल्हारगढ़ व धुधड़का में**

दैनिक **गुरु एक्सप्रेस**

**की एक और एजेन्सी देना है। इच्छुक व्यक्ति दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक संपर्क करें।**

**9425105927, 28 -07422-495831**

**कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस**

**15, नपा मार्केट, नयापुरा रोड़, मंदसौर**


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356

समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है।

फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in